मरीजों के लिए कारगर सिद्ध हो रही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की "निक्षय मित्र" योजना

- भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संचालित है यह योजना
- भारत को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में चलाया जा रहा है प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान
- निक्षय मित्रों के माध्यम से टीबी मरीजों को दिए जा रहे पोष्टिक भोजन और स्वस्थ जीवन शैली के किट
- डीडवाना में उपचाररत टीबी रोगीयों को वितरित किए गए पोषण किट

डीडवाना । भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भारत को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा "निक्षय मित्र" योजना मरीजों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इस योजना के माध्यम से मरीजों को जहां सुलभ रूप से उपचार मिल रहा है, वहीं निक्षय मित्रों के माध्यम से उन्हें पोष्टिक भोजन और स्वस्थ जीवन शैली उपलब्ध करवाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी के तहत आज डीडवाना जिले के बांगड़ राजकीय जिला अस्पताल में डीडवाना-कुचामन जिले के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने अपनी और से पहल करके निक्षय मित्र बनते हुए आर्थिक सहयोग से डीडवाना नगर क्षेत्र में टीबी का उपचार ले रहे रोगियों को उनकी पूरी उपचार अवधी 6 माह तक के लिए पोषण किट उपलब्ध करवाने का बीड़ा उठाया है। इस मौके पर राजकीय बांगड़ जिला चिकित्सालय डीडवाना में उपचाररत टीबी रोगीयों को उपरोक्त पोषण किट वितरित किये गयें।

आपको बता दें कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भारत को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा "निक्षय मित्र" बनाये जाने की योजना चलायी गयी हैं। इस योजना के अन्तर्गत कोई भी सामान्य नागरिक, जनप्रतिधि, धर्मगुरु, गैर सरकारी संस्थान, राजकीय कर्मचारी, व्यवसायिक संस्थान निक्षय मित्र बन सकते हैं। निक्षय मित्र बनाने के पीछे सरकार की मूल भावना यह है कि टीबी रोग से ठासित रोगी समाज जीवन में अपने आप को उपेक्षित महसूस ना करें एवं समाज के बीच उनके लिये अपनेपन का भाव निर्मित हो सकें। इस महती योजना के अन्तर्गत टीबी रोगीयों को निक्षय मित्रों के माध्यम से पोष्टिक भोजन और स्वस्थ जीवन शैली उपलब्ध करवानें के प्रयास किये जा रहे हैं।

इन टीबी रोगियों के लिए विशेष रुप से पोषण किट तैयार करवाये गये हैं, जिनमें सोयाबीन, मूंगफली, चनें, मूंग, मोठ आदि को मिलाकर इन्हे प्रतिमाह 1 किट प्रत्येक मरीज को उपलब्ध करवाया जायेगा। जिनको वह अंकुरित करके प्रयोग मे लेंगे। जिससे उनके शरीर में प्रोटीन, आयरन व फाईबर की पूर्ति हो सकेगी। यह बात सर्वविदित हैं कि टीबी रोगी को दवा के साथ-साथ समूचित प्रोटीन डाईट मिलने पर दवा का असर बेहतरीन होता हैं।

इस प्रकार के पोषण किट डीडवाना के टीबी रोगीयों को आगामी 6 माह तक निममित रुप से उपलब्ध करवाये जायेंगें। साथ ही समूचे डीडवाना-कुचामन जिले मे इस निक्षय मित्र योजना के तहत सभी टीबी रोगीयों को इस प्रकार के पोषण किट उपलब्ध करवाने के प्रयास जारी हैं, जिसके निकट भविष्य मे सुखद परिणाम देखने को मिलेंगें एवं पूरे जिले के टीबी रोगीयों को पूरी उपचार अवधी तक समूचित पोषण उपलब्ध हो सकेगा।

विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश

जायल । जिला कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में आज दिनांक 20-06-2025 को नीति आयोग के तहत चयनित आकांक्षी ब्लॉक जायल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, जल संसाधन, कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर महोदय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए।

डेंटल शिविर 29 को

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। सिंधु सेवा समिति एवं जीव कल्याण सेवा समिति के निर्देशन में सहाय हॉस्पिटल जयपुर के तत्वाधान में सिद्धम ईएनटी के सहयोग से 29 जून को अगरसेन भवन में नि:शुल्क नेत्र, ईएनटी मेडिकल शिविर आयोजित किया जायेगा। महासचिव राजकुमार केसवानी व सेवा समिति सदस्य पिशू मुलानी ने बताया की सुबह 9 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोज्य शिविर में आंखो की जांच कर नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, दवा, व चश्मा वितरण किया जायेगा। जरूरतमंद मरीजों को कान की मशीन नि:शुल्क दी जायेगी। शिविर में नाक कान गला विषेशज्ञ डॉ. ऋषभ जैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सहाय, हैल्थ केयर विशेषज्ञ डॉ.सरीता मीणा सेवाएं देंगी। समाजसेवी गिरधारी अमरवानी, अशोक शोभानी, मुकेश मेघानी, गिन्नी रामनानी, करण मेघानी, राम नानवानी, विजय गुरनानी, कशिष बोदवानी ने तैयारियो को लेकर चर्चा की।

डॉ. कुमुद लता का स्वागत

बिजयनगर, (निस)। जैन साध्वी डॉ. कुमुद लता म.सा., डॉ. महा प्रज्ञा म.सा., डॉ. पद्म कीर्ति म.सा. एवं राज कीर्ति म.सा. के आगमन पर कुशवाह भवन पीपली चौराहा पर कुशवाह परिवार और सैकड़ों धर्मप्रेमियों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कुशवाह परिवार के अर्जुन सिंह, भीम सिंह, सहदेव सिंह, वैभव राज सिंह, दिग्विजय सिंह कुशवाह, श्यामा कंवर, सरिता कंवर, प्रमिला कंवर, नीता कंवर, कल्पना सिंह, प्रदीप सिंह भदौरिया, अरुणेश सिंह भदौरिया, युवराज सिंह ने स्वागत करते हुए आशीर्वाद लिया। जैन श्वेतांबर स्थानकवासीश्रावक संघ अध्यक्ष भंवरलाल कोठारी , ज्ञान सांखला मंत्री, प्रकाश बडोला पूर्व मंत्री, सुमन बुआ किन्नर समाज, पूनमचंद बडोला, पारस पाटौदी, मिठ्ठूलाल रांका, गोपीचंद चौरड़िया, ताराचंद लुणावत, कन्हैयालाल खाबिया, अशोक श्रीमाल, दिलीप मेहता, बबलू सिंह राठौड़ सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

वर्षा जल को संचय करने पर दे ध्यान : नीरज कुमार

नागौर । भारत सरकार द्वारा जल संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान, जो केंद्र सरकार की एक प्रमुख पहल है, की नागौर जिले में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा के लिए कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के निदेशक एवं नागौर जिले के जल शक्ति अभियान के केंद्रीय नोडल अधिकारी नीरज कुमार ने की। बैठक में जिले में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। नीरज कुमार ने अभियान से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र कुमार ने पीपीटी के माध्यम से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। केन्द्रीय नोडल अधिकारी ने बैठक के दौरान जिले में जल संरक्षण के तहत किए जा रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति, प्रगति, चुनौतियों एवं भविष्य की योजनाओं पर गंभीरता से कार्य करने एवं हर स्तर के कार्य में प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। नीरज कुमार ने अधिकारियों से कहा कि जल शक्ति अभियान भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देना है।

उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन बनना चाहिए जिसमें हर नागरिक, संस्था एवं सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है उन्होंने कहा कि जिले में जो कार्य पूर्व मानसून में किए गए हैं, उनकी मानसून उपरांत समीक्षा अति आवश्यक है, ताकि यह समझा जा सके कि इन उपायों का वास्तविक प्रभाव क्या रहा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे प्रस्तावित कार्ययोजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करें और स्थायी जल संरक्षण संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित करें। बैठक में उन्होंने अभियान को सफल बनाने एवं अधिक से अधिक पौधरोपण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीम विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करेगी, इसके साथ ही जिला मुख्यालय पर जल शक्ति केंद्र में पानी जांच की भी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां भी जिले में टांका निर्माण के कार्य किए गए हैं वहां फेसिंग हो तो जल संचय आसानी से होगा। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों में निरीक्षण के दौरान सामने आई कई कर्मियों में सुधार करने तथा जहां बेहतरीन तरीके से कार्य किए गए वहां बारिश के पानी को संचय करने हेतु टांको में सीधा कनेक्शन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांवों में जेजेएम के तहत किए गए कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग हो तथा आम जनता तक पानी सुलभता से पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में नीरज कुमार ने जड़ा तालाब के चारों ओर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने तथा इसे और अधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को नर्सरी में पौध तैयार करने और अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपके आसपास का संपूर्ण क्षेत्र हरा-भरा हो तथा वर्षा जल को संठाहित करें। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में छत के पानी को स्टोर करने की पूर्ण व्यवस्था हो तथा ठामीणों के सहयोग से अधिक से अधिक पानी संचय करें।

महासमिति की नवीन कार्यकारिणी

मदनगंज-किशनगढ (निस)। सिटी रोड स्थित आदिनाथ मंदिर में संरक्षिका शिरोमणि सुशीला पाटनी व शांता पाटनी की अध्यक्षता में दिगंबर जैन महिला महासमिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर मोना झांझरी को पदीय दायित्व सौपा गया। साथ ही मंत्री पद पर उषा गोधा, कोषाध्यक्ष अंतिमा झांझरी, महिला प्रकोष्ठ मंत्री गुणमाला पाटनी, युवा प्रकोष्ठ मंत्री रीता गंगवाल के अलावा सदस्य रेखा झांझरी, भावना पहाड़िया, परामर्शक सुलोचना कासलीवाल, उपाध्यक्ष सिंपल बाकलीवाल, मीना सेठी, कार्याध्यक्ष निशा रारा, सरिता पहाड़िया, उप मंत्री संगीता गंगवाल, सुनीता काला, सांस्कृतिक मंत्री राजकुमारी जैन, सरिता गोधा, धार्मिक मंत्री बबीता कासलीवाल, जूली चौधरी, संगठन मंत्री पूनम गदिया, सुनीता बाकलीवाल, योजना मंत्री राजदुलारी बज, संगीता काला, परियोजना मंत्री रीना रावका, प्रियंका पहाड़िया, प्रचार मंत्री सुषमा दोसी, संध्या दगड़ा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ किरणमाला जैन, डॉ गौरी जैन को बनाया। नीतू गगंवाल, बीना झांझरी, कल्पना पाटनी, रेखा बाकलीवाल, कनकलता बज, मंजू बोहरा, मीना सेठी को इकाई संयोजक बनाया।

हैंडपंप स्वीकृत होने पर जगह चिन्हित

मदनगंज-किशनगढ (निस)। जलदाय विभाग द्वारा हेडपम्प स्वीकृत किये जाने पर स्थान चिन्हित किये। आर के पाटनी रोडवेज बस स्टैंड के सामने, रेलवे स्टेशन के बाहर तथा एयरपोर्ट के सामने नई विकसित आवासीय कॉलोनी के आसपास जगह चिन्हित की गई।

भाजपा नेता महेन्द्र पाटनी ने अधिकारियों के साथ जहां पानी की दिक्कत है, वहां मौके पर जाकर लोगों की मांग अनुसार स्थान चयनित किया, ताकि आमजन को पानी की विकट समस्या से निजात मिल सके। इस दौरान भाजपा नेता पाटनी के अलावा पूर्व मंडल अध्यक्ष जयराम मालाकार, प्रदीप बधवा, अतुल सामरिया व दिनेश सैन भी मौजूद रहे। सहायक अभियंता दीपक शर्मा ने चिन्हित स्थलों पर पिन पोइनटिंग तय कर तीनों क्षेत्रों पर लगाई गई मशीन से हैंडपंप हेतु खोदे गये स्थान पर पर्याप्त मात्रा में पानी होने से क्षेत्र के आमजन में हर्ष की लहर दौड़ गई।

जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता

नागौर । जल संरचाओं की सफाई, जल उपयोग की मितव्यता, वर्षा जल संठाहण, भू एवं सतही जल स्तर की बचत, पौधरोपण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा गत 5 से 20 जून तक चलाए गए वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का शुक्रवार को समापन हुआ। इस अवसर पर कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 5 जून को शुरू किए गए इस अभियान में जल संरचाओं की साफ-सफाई, पौधरोपण को लेकर बेहतर कार्य किए गए है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दैनिक जीवन में जल बचत को अपनाना है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के लिए यह अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के प्रभारी अधिकारी जिला परिषद सीईओ रविंद्र कुमार ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। मनुष्य जीवन के लिए जल बेहद जरूरी है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है। इसलिए हमारा यह दायित्व है कि जल की एक-एक बूंद की महत्ता को समझे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जिले में 19 जून तक 2871 कार्यों को गति प्रदान की गई। अभियान के तहत जिले के लोगों को जल संचय, सफाई व्यवस्था व पौधरोपण के प्रति जागरूक किया गया। हमें अपने प्राचीन तालाबों, बावड़ियों, कुओं को बचाने की आवश्यकता है। हम उन्हें गंदा नहीं करें और उनकी साफ-सफाई के सामूहिक प्रयास करें। सभी लोगों की यह जिम्मेदारी है कि अपने आसपास सार्वजनिक पार्कों की सफाई रखे और सप्ताह में एक बार श्रमदान अवश्य करें। सीईओ ने कहा कि बांधों, तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं कुंडों की साफ-सफाई एक महत्वपूर्ण कार्य है। ससे न केवल जल संरक्षण होता है।

रास्ता पूछने के बहाने करते थे लूट

नसीराबाद,(निसं)। वाहन लूट की वारदातों में शामिल दो शातिर बदमाशों को नसीराबाद पुलिस ने दबोच लिया है। ये आरोपी राहगीरों से रास्ता पूछने के बहाने उन्हें रोकते थे और फिर डरा-धमकाकर वाहन लूट लेते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किया है। 14 जून को यशवंत सिंह (उम्र 61) निवासी न्यू टाउन कॉलोनी, नसीराबाद ने रिपोर्ट दी थी कि कुछ अज्ञात लोग उनसे रास्ता पूछने के बहाने रुके और फिर उनका वाहन लूटकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जय यादव ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएचओ अशोक बिछू की अगुवाई में गठित विशेष टीम ने तकनीकी जांच और 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो आरोपियों नरेश (पुत्र जयसिंह, निवासी यल्का रोड, थाना टांवा, जिला रेवाड़ी, हरियाणा) व खुष्कीराम उर्फ खोक्को (पुत्र फत्ते राम, निवासी गुढियानी, थाना कोसली, जिला रेवाड़ी, हरियाणा) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे अपने साथियों के साथ मिलकर नसीराबाद और आसपास के इलाकों में लूट की वारदातों को अंजाम देते थे।

अभिकचि एवं कला कौशल शिविर सम्पन्न

- मोहन सिंह चौहान स्थानीय संघ ब्यावर के सचिव नियुक्त

ब्यावर (निसं)राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के तत्वाधानमें 40 दिनों से कृष्णा कॉलोनी विद्यालय में चल रहे, अभिरुचि एवं कला कौशल शिविर का आज समापन समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ।शिविर में 260 से अधिक बालक बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया जिन्हे अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए ।इस अवसर पर प्रभारी सहायक जिला कमीश्नर अब्दुल हनीफ खान ने स्थानीय संघ ब्यावर के सचिव पद पर सर्वसम्मति से मोहन सिंह चौहान के मनोनयन घोषणा की तथा नियुक्ति पत्र भेट किया। इस नियुक्ति से शहर के स्काउट गाइड परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई , चौहान का अतिथियो सहित स्काउटर गाइडर द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।भव्य व विशाल समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रावत चन्दन सिंह चौहान अध्यक्षता प्रभारी जिला सहायक कमीश्नर अब्दुल हनीफ खान ,विशिष्ट अतिथि सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान शिक्षा अधिकारी अजमेर शिव कुमार दुबे,लीडर ट्रेनर दुर्गा सिह राजावत आदि रहे।मुख्य अतिथि रावत चन्दन सिंह चौहान ने प्रशिक्षणार्थीयो को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश व समाज में अनुशासन आवश्यक है तथा स्काउट गाइड इसकी प्रथम सीढ़ी है।

उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए छोटे बच्चों व अभिभावकों से नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने की अपील की। रावत का मानना है कि नशे की लत युवा पीढ़ी को अपने आगोश में लेकर बर्बाद कर रही है जो चिन्ताजनक है।अब्दुल हनीफ खान ने इस अवसर पर से स्काउट गाइड को अंतरराष्ट्रीय संस्था बताते हुए इस संगठन के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की उन्होने लम्बे समय से स्काउट गाइड को वरिष्ठ स्काउटर मोहन सिंह चौहान को स्थानीय संघ ब्यावर का नया सचिव मनोनीत किया तथा नियुक्ति पत्र भेट किया। उन्होंने निवर्तमान सचिव बाबूद्दीन काठात के कार्यकाल की प्रशंसा की। इस मौके पर सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान के कुशल नेतृत्व ने देशभर में सम्मान को सर्वोच्च स्थान प्रदान करवाया। वर्तमान में सदस्य संख्या 20 लाख से अधिक हो गई है। चौहान शहर के 4 प्राइवेट विद्यालय में स्काउट गाइड शुरु होने तथा 4 और विद्यालयों में इसी सूत्र मे संस्था शुरू होने की जानकारी दी।सुरेश चन्द फुलवारी और पूनम चौधरी को हाल ही में आबू पर्वत पर सचिव प्रशिक्षण कर लौटने पर स्वागत अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर बाबूदीन काठात, दुर्गा सिंह राजावत, बलराज सिंह राठौड, कुन्दनमल वर्मा,मनीष जनागल, भगवान सिंह चौहान,मुरली मनोहर जाटव, सुमित फौजदार, विष्णु गोयल, राम किशोर सालोदिया,नन्द सिंह चौहान, विद्या, शबाना मंसूरी, वंदना चौहान,ममता सोगरा आदि ने नए सचिव का स्वागत अभिनंदन किया।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल नुपुर गुप्ता, प्रियंका गुप्ता पुत्री एन.सी. गुप्ता, ई-85 शास्त्री नगर अजमेर में 08.07.2007 को सिलेण्डर ब्लास्ट हुआ जिसमें पूरा मकान ध्वस्त हो गया एवं इनके माता-पिता का निधन हो गया। आग लगने से समस्त मूल दस्तावेज नष्ट हो गये। प्लॉट सं. डी-128 वैशाली नगर जयपुर एवं प्लाट सं. ए-142 पृथ्वीराज नगर अजमेर के मूल दस्तावेज हमारी जानकारी के अनुसार नष्ट हो गये। बचाव कार्य के दौरान किसी व्यक्ति को मिले हो तो मेरे मुवक्किल के मो.नं. 9950320791/मुझ अधिवक्ता से सम्पर्क करावे।

-राजेन्द्र सिंह राठौड़, एडवोकेट

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/कार्यों हेतु कार्यपालक इंजीनियर (कारखाना) लोको अजमेर के कार्यालय से ई-निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। 1. निविदा सं: 06-वर्कशाप-अजमेर- 2025-26, कार्य का नाम: अजमेर अपग्रेडेसन ऑफ स्टोर्स फेसेलिटिज एट जीएसडी अजमेर वर्कशॉप, अनुमानित लागत: रु.25330072.26, धरोहर राशि/बिड सिक्यूरिटी: रु.276700.00, निविदा की अंतिम तिथि: 15.07.2025 को 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध हैं। 722-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/कार्यों हेतु कार्यपालक इंजीनियर (कारखाना) लोको - अजमेर के कार्यालय से ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा सं.: 05-वर्कशॉप-अजमेर-2025-26, कार्य का नाम: अजमेर-रिनोवेशन एण्ड आगमेन्टेशन ऑफ एगजिस्टिंग मेन्टेनेन्स फेसिलीटीज व्हीलशॉप, बोगी शॉप, सपोर्ट शापस एण्ड ऑफिसेज टू केटर टू एनएमजीएचएस कन्वरजन वर्क एट कैरिज वर्कशॉप, अजमेर, अनुमानित लागत: रु.30520805.13, धरोहर राशि/बिड सिक्यूरिटी: रु.302600/-, निविदा की अंतिम तिथि: 15.07.2025 को 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। 721-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

आम सूचना

राजस्थान सरकार

राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजस्थान

सर्किट बैंच कलेक्ट्रेट परिसर, बीकानेर

अपील/निगरानी सं.A/147/2022

मै कमला मार्बल सप्लायर्स

अपीलार्थी

बनाम

हरविन्द्र सिंह

प्रत्यर्थीगण

अपील अर्न्तगत धारा 41 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019

प्रेषित-

मैसर्स कमला मार्बल सप्लायर्स नई लोहा मण्डी के सामने सूरतगढ़ रोड, श्रीगंगानगर तथा कथित प्रोपराईटर/मालिक मोहन लाल पुत्र श्री फूसाराम जाति भौजक (गुर्जर) उम्र 42 वर्ष निवासी बुधदेवपुरा (जाटा) तहसील नावा जिला डीडवाना कुचामन पिन कोड 341508

मै कमला मार्बल सप्लायर्स ने इस आयोग के समक्ष जिला आयोग गंगानगर के आदेश दिनांक 12.07.2022 जो परिवाद सं. 720/2015 अनवानी हरविन्द्र सिंह बनाम मै कमला मार्बल सप्लायर्स में पारित हुआ हैं के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की है।

आपको निर्देश दिए जाते हैं कि आप स्वयं या अपने द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा राज्य आयोग के समक्ष दिनांक 25.06.2025 को प्रात: 10.00 बजे उपस्थित हो। यदि आप या आप द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि उपयुक्त नियत तिथि व समय पर उपस्थित नहीं हुवे तो अपील गुणावगुण के आधार पर एक पक्षीय कार्यवाही कर निर्णित कर दी जायेगी।

यह नोटिस आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं आयोग की मुहर से जारी किया

डिप्टी रजिस्ट्रार/रीडर

राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजस्थान

सर्किट बैंच कलेक्ट्रेट परिसर बीकानेर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/134626
DATE :-12.06.2025 रजि. बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /3779 दिनांक 20-06-25

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती पदमा व्यास पत्नी श्री तरूण शर्मा निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5 लोकाशाह नगर मकान नं. 438 का पूर्वी भाग 438-सी क्षेत्रफल 88.66 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री विद्याधरजी के नाम दर्ज है। तत्पश्चात रजि-बेचान-नामा दिनांक 05.11.1999, 09.12.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग(गृहकर)पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त

नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025/135767
DATE :-14.06.2025 रजि. बख्शीश-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /3590 दिनांक 16-06-25

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती मधु बाला पत्नी श्री विष्णु प्रकाश जी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1 नारायण नगर नया नगर खसरा नं. 749 प्लाट नं. 07 क्षेत्रफल 150.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री मंगल प्रसाद पुत्र श्री भंवरलाल चौहान के नाम पट्टा विलेख जारी है। तत्पश्चात रजि बेचान-नामा दिनांक 20.07.2010, रजि बख्शीश-नामा दिनांक 19.01.2021, 06.06.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग(गृहकर)पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त

नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक:न.नि.अ. /भवन/25-26/112 आपत्ति सूचना दिनांक-20/6/2025

श्री दिनेश सिंह पुत्र श्री चैन सिंह मेहता निवासी ई-187 शास्त्री नगर अजमेर हाल निवासी 475/3 सी नया बाड़ा पुलिस लाईन अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 3/475 का भाग है जो वार्के नया बाड़ा पुलिस लाईन अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 94.68 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व में- इसी सम्पति का शेष भाग पश्चिम में- गली

उत्तर में- इसी सम्पति का शेष भाग दक्षिण में- रास्ता आम है

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक:नपकि/नाम हस्तांतरण/2025/1685 आम सूचना दिनांक-19/6/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 26,28,35,36, 41 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या ए- 82 क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज) पर श्रीमती सुनीता पत्नि श्री महावीर प्रसाद ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में- 30 फीट चौड़ा रास्ता पश्चिम में- भूखण्ड संख्या ए-71

उत्तर में- भूखण्ड संख्या ए-81 दक्षिण में- भूखण्ड संख्या ए-83

अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नहीं होगी। प्रभारी , नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक:न.पा.बि. /नामा/2025/1030 आम सूचना दिनांक-05/06/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपति मान्य नहीं होगी। नामान्तरण

फाईल नं.	आवेदक नाम	मूल/आवंटी नामान्तरण	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
57	गोपाल पुत्र कानमल	कान पुत्र रतनलाल गुर्जर	आवादी क्षेत्र भील बस्ती बिजयनगर	44.44 SQ.Yards	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पंचशील नगर योजना के आवासीय भूखड़ार संख्या बी-223 क्षेत्रफल 112.5 वर्ग मीटर आवंटी/अन्तरिति श्रीमती कमला विधानी पत्नि शोभराज विधानी उर्फ सोमराज विधानी निवासी बी-223 पंचशील नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 6/5/24 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश: 1. विक्की विधानी 2. विशाल विधानी पुत्रगण शोभराज विधानी उर्फ सोमराज विधानी निवासी बी-223 पंचशील नगर अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार शोभराज विधानी उर्फ सोमराज विधान पुत्र भगवान राम विधानी निवासी बी-223 पंचशील नगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 6/5/25 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामांतरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्राधिकरण कार्यालय में आपति दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामांतरण की कार्र